# ऑस्टिन यूनिवर्सिटी यूपी में बनाएगी नॉलेज सिटी

■ एनबीटी ब्यूरो, लखनऊ

उत्तर प्रदेश के युवाओं को विश्वस्तरीय उच्च शिक्षा देने के लिए राज्य सरकार प्रदेश में अमेरिका की यूनिवर्सिटी की मदद से नॉलेज स्मार्ट सिटी प्रॉजेक्ट लगाएगी। ये प्रॉजेक्ट 5,000 एकड़ जमीन पर होगा। इसमें अलग-अलग टॉप क्लास शिक्षण संस्थान अपनी शाखाएं खोलेंगे। अमेरिका की ऑस्टिन यूनिवर्सिटी ने यूपी में नॉलेज स्मार्ट सिटी विकसित करने के लिए 35 हजार करोड़ रुपये का एमओयू साइन किया है। वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना की अगुआई में अमेरिका गए प्रतिनिधिमंडल ने नॉलेज स्मार्ट सिटी के साथ-साथ चिकित्सा के क्षेत्र में भी एमओयू साइन किए। इसके अलावा अन्य देशों में गई टीमों ने कई एमओयू साइन किए।

**यूएस कंपनी के साथ स्वास्थ्य, स्टार्टअप सेक्टर में करार :** अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में यूएस बेस्ड सलोनी हार्ट फाउंडेशन ने वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार की मौजूदगी में एमओयू साइन किया। फाल्कन एक्स के सीईओ मुरली चिराला के साथ भी 3 एमओयू साइन हुए। इनमें विशेष रूप से नोएडा में एक सेंटर बनाया जाएगा। इसके साथ ही 20-20 करोड़ के 2 निवेश उत्तर प्रदेश में किए जाएंगे। फाल्कनएक्स एक फिनटेक स्टार्टअप कंपनी है। इसके एंटरप्रेन्योर्स द्वारा इन्वेस्ट यूपी के तहत इंक्यूबेटर्स व एक्सिलरेटर्स यूनिट लगाई जाएगी। प्रतिनिधिमंडल सैन फ्रांसिस्को में ग्लोबल एंटरप्रेन्योरशिप ऑर्गनाइजेशन टाई के मेंबर्स व सिलिकॉन वैली के निर्माण में योगदान देने वाले भारतीयों से भी मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने उनसे यूपी में सिलिकॉन वैली बनाने की अपील की, जिससे भारतीय भी इसका लाभ उठा सकें।

**फ्रांस में आज रोड शो करेंगे डिप्टी सीएम :** विदेशों में रोड शो व वन टु वन बिजनेस बैठकों का दौर 19 दिसंबर यानी सोमवार को भी जारी रहेगा। नीदरलैंड्स में रोड शो के बाद अब डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के मंत्री योगेंद्र उपाध्याय सोमवार को फ्रांस का दौरा करेंगे और रोड शो के जरिए यहां की दिग्गज कंपनियों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए प्रोत्साहित करेंगे। इस अवसर पर कुछ व्यापारिक समुदाय के प्रतिनिधियों से उनकी मुलाकात भी आयोजित की जाएगी।

**5 हजार एकड़ में बनेगी नॉलेज स्मार्ट सिटी, फाल्कनएक्स के साथ भी हुए 3 एमओयू, नोएडा में बनाया जाएगा सेंटर**

## सीको लगाएगी नोएडा में यूनिट

जापान में रोड शो के दौरान सीको अडवांस लिमिटेड के डायरेक्टर युकीनोरी कोबे ने उत्तर प्रदेश सरकार के साथ गौतम बुद्ध नगर में मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाने के लिए ₹850 करोड़ का एमओयू साइन किया। इस एमओयू के जरिए प्रदेश के लोगों के लिए 200 से ज्यादा रोजगार के अवसर सृजित होंगे।



## यूएई के निवेशक करेंगे ₹50,000 करोड़ से अधिक का निवेश

■ **एनबीटी ब्यूरो, लखनऊ :** लखनऊ के बाद लूलू ग्रुप अब तीन और शहरों में मॉल खोलने की तैयारी कर रहा है। ये मॉल नोएडा, वाराणसी और अयोध्या में खोले जाएंगे। ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट(जीआईएस) के लिए निवेश जुटाने अबूधाबी और दुबई के दौरे पर गए एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने बताया कि जल्द ही इसका ऐलान किया जाएगा। तीनों प्रॉजेक्ट में कुल मिलाकर करीब ₹3000 करोड़ का निवेश किया जाएगा। विदेश दौरे से लौटे एमएसएमई मंत्री ने बताया कि यूएई की कंपनियां प्रदेश में करीब ₹50,000 करोड़ का निवेश करेंगी। ये निवेश फूड प्रोसेसिंग, ग्रीन एनर्जी, लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों में किया जाएगा। प्रदेश में बिजली की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए ग्रीनको ग्रुप ने पंप्ड स्टोरेज प्रॉजेक्ट लगाने के लिए एमओयू साइन किया है। ग्रीनको ग्रुप सोनभद्र में 3000 मेगावॉट क्षमता का स्टोरेज प्लांट लगाएगा। इस प्लांट के जरिए दिन में सौर ऊर्जा से बनने वाली बिजली को स्टोर किया जाएगा।



**25 लेटर ऑफ इंटेंट हुए साइन :** एमएसएमई मंत्री राकेश सचान की अगुआई में यूएई गए प्रतिनिधिमंडल ने ₹20,340 करोड़ के 25 लेटर ऑफ इंटेंट साइन किए। जो एमओयू साइन हुए हैं उससे 26,795 लोगों को रोजगार के अवसर मुहैया होंगे।